निदेशक, सेमी-कंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल) के पद को भरने के लिए विज्ञापन

सेमी-कंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल), इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), भारत सरकार के अंतर्गत आने वाले स्वायत्त संस्थानों में से एक संस्थान है जो चंडीगढ़ के निकट एसएएस नगर, मोहाली में स्थित है। इसे वैरी लार्ज स्केल इटीग्रेशन (वीएलएसआई) डिवाइस के डिज़ाइन और विकास तथा टेलीकम्युनिकेशन और स्पेस सेक्टर के विकास का कार्य सौंपा गया है। एससीएल में 0.8 माइक्रोन रेंज में माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और माइक्रो इलेक्ट्रो मैकेनिकल प्रणालियों के फैब्रिकेशन हेतु सुविधा मौजूद है। सीएमओएस फैब्रिकेशन फाउन्ड्री का अद्यतनीकरण तथा सुविधाओं और उपयोगिताओं को 0.18 माइक्रोन से अत्याधुनिक सुविधाओं के समान करना एससीएल में चलाई जा रही बड़ी परियोजनाएं हैं।

2. निदेशक सोसाइटी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी है और प्रयोगशाला के लिए निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए रणनीतियाँ और योजनाएँ तैयार करना और सोसाइटी का उचित प्रबंधन करना इनकी प्रमुख भूमिका है।

3. इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, एमईआईटीवाई को पे मैट्रिक्स (1,82,200-2,24,100/- रुपये) में लेवल-15 के वेतनमान में एससीएल के प्रमुख के तौर पर निदेशक के रूप में एक सक्रिय और अनुभवी अधिकारी की तलाश है। इस पद को **प्रतिनियुक्ति के आधार पर** भरे जाने का प्रस्ताव है। प्रतिनियुक्ति का कार्यकाल 3 वर्ष या सेवानिवृत्ति की आयु तक, जो भी पहले हो, तक होगा।

4. पात्रता मानदंड

क. स्वायत्त निकायों, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों सहित केंद्र या राज्य सरकार के कार्यरत अधिकारी, नियमित आधार पर सदृश्य पद पर नियुक्त या स्तर 14 के पदों पर न्यूनतम तीन वर्ष की सेवा वाले, और यहां निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव रखने वाले अधिकारी आवेदन हेतु पात्र हैं।

ख. (i) इलेक्ट्रॉनिकी या सेमीकंडक्टर भौतिकी के क्षेत्र में विज्ञान या इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर (ii) (क) माइक्रो इलेक्ट्रॉनिकी में और/या (ख) एयरोस्पेस एप्लीकेशन के लिए हाई रिलाईबिलिटी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों/प्रणालियों के विकास के क्षेत्र में न्यूनतम 20 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

5. **आयु सीमा** : आवेदन करने की अंतिम तिथि पर आयु 56 वर्ष से अधिक नहीं।

नोट-1: आयु सीमा निर्धारित करने की महत्वपूर्ण तिथि भारतीय उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी (और न कि दूरस्थ क्षेत्रों जैसे कि असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र, लाहौल और स्पीति जिला और पांगी उप-मंडल हिमाचल प्रदेश का चंबा जिला, अंडमान निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र और लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए अंतिम निर्धारित तिथि)।

नोट-2: केंद्र सरकार के उसी या अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य कैडर-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) की अवधि सामान्य रूप से तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

6. सामान्य शर्तें

I. आवेदन निर्धारित प्रोफार्मा में योग्यता, अनुभव, जन्म तिथि आदि से संबंधित प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रतियों के साथ सभी प्रकार से पूर्ण होना चाहिए।

II. **आवेदकों से अपक्षित है कि वे अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजें तथा सतर्कता/अनुशासनात्मक अनापत्ति के साथ विगत पांच वर्ष की एपीएआर की प्रतियों को किसी ऐसे अधिकारी से समुचित रूप से सत्यापित करवाकर भेजें जिनकी रैंक अवर सचिव या समकक्ष से नीचे न हो।** अधिकारी की सत्यनिष्ठा को भी प्रमाण पत्र के साथ प्रमाणित किया जाए कि कहीं उस पर कोई छोटी/बड़ी शास्ति तो अधिरोपित नहीं की गई है। प्रायोजक/अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा अग्रेषित नहीं किए गए आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

III. **आवेदन वाले लिफाफे पर "निदेशक, एससीएल के पद हेतु आवेदन"** लिखा जाना चाहिए तथा इसे निम्न पते पर भेजा जाना चाहिए- संयुक्त निदेशक (एबीसी प्रभाग), इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, 6-सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003। इस प्रयोजन के लिए, **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिनों के बाद आने वाला दिन होगा।**

टिप्पणी:

I. ऐसे आवेदन जो विज्ञापन में दर्शाई गई न्यूनतम आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हैं और उचित प्रोफार्मा के अनुसार भी नहीं हैं, अस्वीकृत कर दिए जाएंगे।

II. निर्धारित योग्यता न्यूनतम आवश्यकता है और यह स्वतः मात्र उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए योग्य नहीं बनाती है। साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को शॉर्ट-लिस्ट करने हेतु बायोडाटा के आधार पर प्रारंभिक स्क्रीनिंग आयोजित की जाएगी। केवल अल्प सूचीबद्ध उम्मीदवारों को निजी परस्पर संवाद के लिए बुलाया जाएगा, सिर्फ विज्ञापन में निर्धारित आवश्यकताओं की पूर्ति, उम्मीदवार को निजी परस्पर संवाद के लिए बुलाए जाने की अर्हता प्रदान नहीं करती है।

उम्मीदवार इस विज्ञापन के संबंध में आवेदन प्रपत्र और अन्य विवरण के लिए निम्नलिखित वेबसाइटों को भी देख सकते हैं:

www.meity.gov.in ; www.scl.gov.in ; www.persmin.gov.in ; www.ncs.gov.in

निदेशक, सेमी-कंडक्टर प्रयोगशाला(एससीएल) के पद के लिए आवेदन

भाग - I
आवेदन के लिए प्रपत्र

1. पूरा नाम :

पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकाएं

2. नाम और पता :
(बड़े अक्षरों में)

3. पिता का नाम
4. लिंग : पुरुष / महिला
5. राष्ट्रीयता :
6. जन्म तिथि :
(*जन्म तिथि का प्रमाण संलग्न होना चाहिए*)
7. आयु: _____साल_____माह_____दिन
(*आवेदन की अंतिम तारीख के अनुसार*)
8. वैवाहिक स्थिति :

9. पत्राचार के लिए पता (पिन कोड के साथ)
(*टेलीफोन नं., मोबाइल नंबर फैक्स और ई-मेल, यदि कोई हो*)

10. स्थायी पता :

11. शैक्षिक और व्यावसायिक अर्हताएं:
(स्नातक से शुरु करते हुए)

संस्थान/बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम	उत्तीर्ण होने का वर्ष	परीक्षा / डिग्री	कुल अंकों का प्रतिशत और श्रेणी

(*शिक्षा कैरियर में अंतराल के कारणों को विनिर्दिष्ट करें*)

12. विशेषज्ञता का क्षेत्र:

13. अनुसंधान कार्य और प्रकाशन का संक्षिप्त विवरण:
(*प्रस्तुत करने के लिए पुनर्मुद्रण का एक सेट, यदि उपलब्ध हो*)

14. प्रतिष्ठित संगठनों / संस्थाओं से प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय और / या राष्ट्रीय सम्मान/ पुरस्कार/मान्यता :

15. प्रकाशित अंतर्राष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक पेपर और राष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक पेपर : (*प्रस्तुत करने के लिए पुनर्मुद्रण का एक सेट, यदि उपलब्ध हो*)

16. प्रौद्योगिकीय विकास या लाइसेंस और या वाणिजीकरण के लिए दिए गए पेटेंट/कॉपीराइट/ट्रेडमार्क/आईपीआर:

17. क्या आप किसी सरकारी संगठन / स्वायत्त निकाय /पीएसयू या उसकी इकाई/इकाइयों या किसी बड़े प्रभाग या बड़ी परियोजना के प्रमुख हैं,कृपया पूर्ण विवरण दीजिए:

18. कालानुक्रमिक क्रम में रोजगार का इतिहास: (घटते क्रम में ,वर्तमान रोजगार से शुरू करते हुए) और अनुभव
(*यदि आवश्यक हो तो निम्नलिखित प्रारूप में अलग शीट संलग्न करें*)

नियोक्ता/संगठन/संस्था का नाम और पता	सेवा की अवधि से _______तक	पद का पदनाम	वेतनमान तथा मूल वेतन (वेतन बैंड और जीपी के साथ)	कार्य का विस्तृत विवरण	प्रत्येक पद छोड़ने का कारण

19. पेशेवर प्रशिक्षण :

संगठन	प्रशिक्षण का विवरण	अवधि	
		से	तक

20. करियर में उपलब्धियां जो आपकी उम्मीदवारी का समर्थन कर सकती हैं :

21. वर्तमान रोजगार का विवरण :

i) धारित पदनाम :

ii) पद का वेतनमान :

iii) वर्तमान में आहरित प्रति माह कुल परिलब्धियाँ :
(ब्यौरे के साथ – मूल वेतन, ग्रेड वेतन, म. कि. भ., मं. भ., या. भ. आदि)

iv) क्या वर्तमान पद नियमित / कार्यकाल /
प्रतिनियुक्ति या तदर्थ आधार पर है और कब से है:

v) यदि प्रतिनियुक्ति पर है, पद का विवरण
नियमित आधार / वेतनमान और कब से:

vi) पूरे पते के साथ संगठन का नाम
संपर्क व्यक्ति का नाम और पदनाम
और टेलीफोन / फैक्स नंबर:

vii) संगठन की श्रेणी:
(क) सरकार / राज्य सरकार
(ख) पीएसयू / स्वायत्त निकाय

22. संक्षिप्त विवरण कि आप समीर को निदेशक के रूप में कैसे आगे बढ़ाने की योजना बनाते हैं।

नोट: उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अपने द्वारा दी गई उपरोक्त सभी जानकारी की पुष्टि हेतु दस्तावेजों की प्रति संलग्न करें।

<u>घोषणा:</u> मैं एतदद्वारा शपथपूर्वक घोषणा करता/करती हूं कि उपरोक्त सभी कथन मेरे ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य और सही हैं। कुछ भी गलत या छुपाया/विकृत नहीं किया गया है। यदि किसी भी समय यह पाया जाता है कि मैंने किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी को छुपाया/विकृत किया है, तो मेरी नियुक्ति बिना किसी नोटिस के पूरी तरह से समाप्त कर दी जाएगी।

स्थान: _________ _____________ हस्ताक्षर: __________________________ _____

दिनांक : _______________________ आवेदक का नाम: __________________________ __

ई-मेल आईडी: __ ______________________________

दूरभाष संख्या: _________________________________

मोबाइल नं .: __________________________________

<u>भाग II</u>

प्रायोजक प्राधिकारी का प्रमाणपत्र

1. अग्रेषित
____

2. यह प्रमाणित किया जाता है कि वर्तमान में श्री/श्रीमती/सुश्री ________________________दिनांक __________ से वेतन मैट्रिक्स __________के स्तर ________में __________पद पर नियुक्त हैं।
3. यह प्रमाणित किया जाता है उपरोक्त अधिकारी के विरूद्ध न तो कोई भी सतर्कता/अनुशासनात्मक कार्यवाई लंबित है अथवा न ही उस पर विचार किया जाना है।
4. आवेदक के आवेदन में भी गई प्रविष्टियां सेवा रिकॉर्ड से सत्यापित की गई हैं और इन्हें सही प्रमाणित किया जाता है।

दिनांक :--

हस्ताक्षर :--

नाम :---

पदनाम :--------------------------------------

विभाग :---------------------------------------

संगठन: ________________________